# बुंदेली परंपरा से होगा सीएम का स्वागत

## मुख्यमंत्री के आगमन से पहले नरयावली में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश—कोई कमी न रहे

नवभारत न्यूज

**सागर 22 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 23 अप्रैल गुरुवार को नरयावली आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं. व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने कार्यक्रम स्थल का व्यापक निरीक्षण किया.**

इस दौरान उन्होंने साफ निर्देश दिए कि व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए और कार्यक्रम पूरी तरह व्यवस्थित हो. निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.



मोहन यादव का नरयावली में पारंपरिक बुंदेली अंदाज में स्वागत किया जाएगा, जिसके लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्वागत, सुरक्षा और जनसुविधाओं के सभी इंतजाम उच्च स्तर के हों. मंत्री श्री राजपूत ने विधायक प्रदीप लारिया के साथ हेलीपैड, मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग एवं आवागमन मार्ग का बारीकी से निरीक्षण किया. उन्होंने बैठक व्यवस्था को लेकर विशेष जोर देते हुए कहा कि आमजन, जनप्रतिनिधियों और विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो. खासतौर पर सांदीपनि विद्यालय के उद्घाटन सत्र में आने वाले विद्यार्थियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए.

उन्होंने पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने, मुख्य द्वार से आवागमन को सुचारू रखने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए. मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक शामिल होंगे, इसलिए सभी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं.इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, कलेक्टर प्रतिभा पाल, उप पुलिस महानिरीक्षक सचिंद्रनाथ चौहान, एसपी विकास सहवाल, जगन्नाथ गुरैया, विक्रम सोनी, जिपं सीईओ विवेक के. वी., एसडीएम अमन मिश्रा आदि मौजूद थे.

> मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 23 अप्रैल को नरयावली विधानसभा क्षेत्र में आगमन प्रस्तावित है .इस दौरान मुख्यमंत्री क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए सांदीपनि विद्यालय नरयावली सहित लगभग 63 .41 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के कुल 75 विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे .मुख्यमंत्री 503 .00 लाख की लागत से शासकीय महाविघालय मकरोनिया बुजुर्ग जिला सागर में नवीनीकरण उन्नयन एवं नवीन निर्माण कार्यो का भूमिपूजन करेंगे. 460 .83 लाख की लागत से नगर पालिका परिषद मकरोनिया में मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के चतुर्थ चरण अंतर्गत निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर नाला निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जायेगा .

# पिता ने रची बेटे की हत्या की साजिश
## बेटों-पोतों संग मिलकर उतारा मौत के घाट

नवभारत न्यूज

**सागर 22 अप्रैल. थाना सानोधा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पामाखेड़ी में रिश्तों को कलंकित करने वाली एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां एक पिता ने अपने ही सगे बेटे की हत्या की साजिश रच डाली और अन्य परिजनों के साथ मिलकर उसे अंजाम दिया. सानोधा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर पूरे मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी हिरदे पिता स्वर्गीय थोवन अहिरवार का अपने पुत्र हल्ले अहिरवार के साथ पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया.



विवाद इतना बढ़ गया कि पिता हिरदे ने आवेश में आकर अपने दूसरे बेटे और नातियों को हल्ले अहिरवार को जान से खत्म करने के लिए उकसा दिया. पिता के उकसावे पर आरोपी पप्पू उर्फ शिवराम अहिरवार, संदेश पिता पप्पू अहिरवार तथा एक 16 वर्षीय विधि विरुद्ध बालक ने मिलकर हल्ले अहिरवार पर डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया. गंभीर रूप से घायल हल्ले अहिरवार को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई. थाना प्रभारी सानोधा भरत सिंह ठाकुर ने विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की. गिरफ्तार आरोपियों में हिरदे अहिरवार, पप्पू उर्फ शिवराम अहिरवार, संदेश अहिरवार, एक विधि विरुद्ध बालक पुलिस अभिरक्षा में लिया. आरोपी ग्राम पामाखेड़ी के निवासी हैं.

# सफाई दरोगा को नोटिस जारी



नवभारत न्यूज

**सागर 22 अप्रैल. नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था, सौंदर्यीकरण कार्यों एवं विकास गतिविधियों का निरीक्षण किया जा रहा है.**

निरीक्षण के दौरान वर्णी कॉलोनी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाए जाने तथा गंदगी मिलने पर सफाई दरोगा रंजीत साहू को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए.

उन्होने कहा कि किसी भी क्षेत्र में कचरे के ढेर या गंदगी पाए जाने पर संबंधित जोन प्रभारी एवं सफाई दरोगा के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## स्थायी वारंटी पकड़ा


**सागर.** जिले में अपराधियों और वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना गोपालगंज पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक शातिर स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है. थाना प्रभारी घनश्याम शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक नीरज जैन एवं उनकी टीम वारंटियों की तलाश में सक्रिय थी. इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आकाश साहू निवासी शनिश्चरी, नंदकिशोर होटल के पास, जो काफी समय से फरार था, बस स्टैंड क्षेत्र में देखा गया है. सूचना मिलते ही टीम ने तत्काल बस स्टैंड क्षेत्र में घेराबंदी कर पकड़ा.

# अधिकांश पेट्रोल पंपों पर नहीं मिला पेट्रोल

नवभारत न्यूज

**खुरई 22 अप्रैल. नगर और उसके आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के मोटरसाइकिल सवारों को उस समय मायुसी का सामना करना पड़ा जब अधिकांश पेट्रोल पंपों से उन्हें बिना पेट्रोल के वापिस जाना पड़ा.**

कुछ बाईक सवार महिलाओं और बच्चों को लेकर इस पंप से दूसरे पंप पर पेट्रोल के लिए भटकते देखें गए. सागर नाका पेट्रोल पंप पर तीन दिन से फ्यूल नहीं मिल रहा है. उसकी वजह प्रमुखता से यह बतायी जा रही है कि आगासौद रिफाइनरी से सप्लाई



नहीं हो पा रही है जबकि सागर नाका पेट्रोल पंप संचालक पहले से राशि जमा कर चुका है. वहीं छापरिया पंप सागर रोड स्थित पर पेट्रोल उपलब्ध रहा जहां नियम विरुद्ध प्लास्टिक की शीशियों में पेट्रोल भरकर दिया जा रहा था. इसी तरह डीजे सेठी पंप पर भी पेट्रोल उपलब्ध नहीं था, ग्राहक आते और बिना पेट्रोल के वापिस चले जाते थे. सबसे अहम सवाल यह है कि छापरिया पेट्रोल पंप संचालक नियमों को ताक पर रखकर शीशियों में पेट्रोल देने का काम करता रहा है, अधिकारियों को कार्यवाही करना चाहिए.

# सीमावर्ती मार्गों पर लगेंगे चेक पोस्ट

नवभारत न्यूज

**सागर 22 अप्रैल. रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेंहूँ उपार्जन अवधि 15 अप्रैल से 31 मई के दौरान पड़ोसी राज्यों से उपार्जन केन्द्रों पर लाई जाने वाली उपज की अवैध विक्री रोकने हेतु चैक पोस्ट लगाये जाने के संबंध में निर्देश दिए गए.**

समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अन्य राज्यों की सीमा से लगे मार्गों पर राजस्व, पुलिस, मंडी, कृषि, सहकारिता एवं खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल गठित कर तत्काल चेक पोस्ट स्थापित किए जाएं. कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि गठित दलों के सदस्यों के नाम और दूरभाष क्रमांक की जानकारी जिला कंट्रोल रूम को अनिवार्य रूप से भेजी जाए. सीमावर्ती इलाके में आवश्यक चेकिंग दल तैनात कर सघन पर्यवेक्षण करावें. अवैधानिक तरीके अपनाकर अन्य राज्य से उपार्जन केन्द्रो में विक्रय हेतु आने वाला उत्पाद रोके. नामित दल का विवरण मय दूरभाष क्रमांक की जानकारी कंट्रोल रूम को भेजें तथा, दल द्वारा किए गए कार्य की सप्ताहिक रूप से समीक्षा करें. उपार्जन की समाप्ति तक अवैध आवक को हर हाल में रोका जाए.

# गृह विज्ञान विभाग में ताला लगा पाया गया

नवभारत न्यूज

**सागर 22 अप्रैल. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा सागर संभाय सागर डॉ नीरज दुबे द्वारा शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय सागर के नवीन भवन साइस ब्लाक का निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के दौरान विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. आर के गोस्वामी एवं डॉ. भावना यादव अतिरिक्त संचालक के साथ उपस्थित थे. महाविद्यालय संचालन में व्याप्त अव्यवस्थाओ पर रोष व्यक्त करते हुए तत्काल प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी को



तलव किया गया. निरीक्षण के दौरान गृह विज्ञान विभाग मे पदस्थ समस्त शिक्षक एवं स्टाफ अनुपस्थित था एवं विभाग में ताला लगा पाया गया. अनेक विषय की स्नातकोत्तर कक्षाये एवं प्रायोपिक कार्य संचालित नही पाये गए. अनुपस्थित प्राध्यापक, अतिथि विद्वान,कर्मचारी की कारण बताओं नोटिस कार्यालय से जारी किये गए. अवकाश आवेदन साइंस ब्लाक प्रभारी डा. अरविन्द बोहरे के संज्ञान में न होने पर आपत्ति ली गई.

निरीक्षण के दौरान कॉलेज समय में अधिकांश शैक्षणिक अशैक्षणिक स्टाफ द्वारा उपस्थिति पंजी पर इस्ताक्षर नही पाये गये.

# शादी से लौट रहे युवक की मौत

नवभारत न्यूज

**बीना 22 अप्रैल. आगासौद रोड स्थित डबल फाटक के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई. युवक ससुराल में शादी समारोह में शामिल होने के बाद अपने गांव लौट रहा था.**

जानकारी के मुताबिक बाइक सवार रामगोपाल पिता रामभरोसी अहिरवार(29) निवासी बारधा थाना बीना जो अपनी ससुराल बीना के कालूखेड़ी गांव में करीब एक हफ्ते से रुका हुआ था. ससुराल में साले की शादी समारोह में शामिल होने के बाद अपनी बाइक क्रमांक एमपी 15 एम एल 8281 से अपने गांव लौट रहा था कि आगासौद रोड पर स्थित डबल फाटक के पास बीना तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी 67 सी 7470 के चालक ने तेज और लापरवाही से कार चलाते हुए बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई. मृतक रामगोपाल अहिरवार के रिश्तेदार रघुवर अहिरवार ने बताया कि युवक अपनी ससुराल से लौट रहा था तभी कार ने उसे टक्कर मार दी. जिसमें युवक की मौत हो गई. कार चालक मौके से भाग निकला. घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने जानकारी दी थी.

# आवारा गौवंश की समस्या बनी हुई है यथावत

नवभारत न्यूज

**गौरझामर 22 अप्रैल. शासन ने जगह-जगह पर गौशालाये संचालित की है. धार्मिक संगठनों ने ही गौवंश को आवारगी व सडक दुर्घटनाओ से सुरक्षित करने हेतु गौशालाये स्थापित की है.**

इन तमाम प्रयासो के बाबजूद भी अभी भी सड़के खेत खलिहान बाजार बसस्टेंड चौक चौराहे आवारा जानवरो से मुक्त दिखाई नही दे रहे है. आज भी जगह-जगह आवारा जानवरों के झुंड के झुंड पूर्व की तरह विचरण करते व किसानो दुकानो बाजार में नुकसान तथा लोगो को परेशान करते हुए देखा जा



सकता है. बता दें कि गौशाला संरक्षक गौशालाये जमाकर भजन करने लगे है. उन्हे जनजीवन के सरोकार व गतिविधियो से कोई मतलब नही रह गया है. गौ शालाओ में आवारा गौवंश को पकड़कर गौशाला ले जाने हेतु पर्याप्त व सर्वसुविधायुक्त आधुनिक वाहन मुहैया कराये गये है फिर भी आवारा जानवरो की आम समस्या वैसी की वैसी बनी हुई है. इस पर गहन चिंतन व कार्यवाही नही होने से गौशालाऐ औचित्यहीन प्रतीत हो रही है. गौशाला वालो को स्वमेव अपने अपने क्षेत्र मेआवारा गौवंशो का सतत निरीक्षण करना चाहिये की कहां आवारा गौवंश विचरण कर रहे है. उन्हे तत्काल वाहन में पकड़कर गौशाला मे ले जाया जावे इससे आवारा गौवंश की समस्या से लोगो को निजात मिलेगी, साथ ही गौशालाओ की कार्यपद्धति भी दृष्टि गोचर हो सकेगी.

# 31 मटकों से बुझ रही है प्यास



नवभारत न्यूज

**गौरझामर 22 अप्रैल. घंटाघर स्थित सदर चौकी के बाहर पिछले 31 वर्षों से निशुल्क जल सेवा अनवरत जारी है. हरि महादेव की कृपा और भक्तों के सहयोग से यहां रखे 31 मटकों से प्रतिदिन हजारों राहगीर अपनी प्यास बुझाते हैं.**

सेवा समिति के हरिमोहन चौरसिया ने बताया साल 1995 में महाशिवरात्रि पर हरि महादेव के नाम से यह प्याऊ शुरू की थी. तब से अनवरत रूप संचालित है. सुबह 5 बजे 31 मटकों में ताजा-ठंडा अनेक लोग सेवाएं दे रहे है. गर्मी में दिन में चार बार पानी बदलते हैं. चौकी के पास होने से यहां बस यात्री, ऑटो चालक, कोर्ट-कचहरी आने वाले लोग बड़ी संख्या में पानी पीते हैं, चिलचिलाती धूप में रोजाना औसतन 2500 से 4000 लोग यहां पानी पीते हैं. सोमवार और त्योहारों पर यह संख्या 4 हजार पार कर जाती है. 31 साल हो गए, गर्मी में इन मटकों का पानी अमृत लगता है.

## आज होंगे कार्यक्रम

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस पुस्तकों और पठन के आनंद को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 23 अप्रैल को मनाया जाता है. विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरु केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरु केन्द्रीय पुस्तकालय के रंगनाथन भवन में 11 बजे से फ्रॉम माइंड टू मार्केट अंडरस्टैंडिंग द आईपीआर बास्केट फॉर प्रोटेक्टिंग आइडियाज' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है. कार्यशाला में आईसीएएसटी, सीएसआईआर राष्ट्रीय एयरोस्पेस लैबोरेटरीज के प्रमुख डॉ. शिवराम बी. एस. मुख्य वक्ता होंगे.

# मालथौन में श्री राम कथा एवं शतचंडी महायज्ञ

नवभारत न्यूज

**खुरई 22 अप्रैल. भगवान श्री राम जी नारी सम्मान के लिए रावण से लड़े और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी नारी सम्मान के लिए कांग्रेस से लड़ रहे हैं. श्रीराम कथा लोक जीवन की कथा है. जब तक राम की कथा जीवित है, भारतीय संस्कृति अमर रहेगी.**

यह बात पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह ने यहां आयोजित श्री राम कथा एवं 21 कुंडात्मक श्री शतचंडी महायज्ञ आयोजन में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच अपने संबोधन में कही.

श्री सिंह ने कहा कि लोकभाषा में कथा करने वाले विपिन बिहारी हैं, इसलिए बुंदेलखंड में उनकी




लोकप्रियता बहुत अधिक है. कोई भी आयोजन कठिन कार्य होता है. आयोजन समिति बहुत परिश्रम और भक्ति भाव से निरंतर इस श्रीराम कथा और यज्ञ के आयोजन को कर रही है. भगवान श्री राम ने जीवन की मर्यादाओं को अपने जीवन के माध्यम से हमारी संस्कृति को दिया है. जहां भी श्रीराम कथा होती है वहां श्री हनुमान जी स्वयं किसी रुप में उपस्थित हो कर कथा श्रवण हेतु उपस्थित होते हैं. भगवान श्री राम का सुबह राज तिलक होना था और वन को जाना पड़ा। यह प्रसंग बताता है कि यह नियति है,किसी को पता नहीं होता कि कल क्या होने वाला है. अत: हम सिर्फ कर्म करें, फल देना ईश्वर के हाथ में होता है. धर्म ही हमारा जीवन है, धर्म के बिना हमारे जीवन का कोई अर्थ नहीं है. श्रीराम कथा हमारे जीवन की कथा है। जब तक राम की कथा जीवित है, भारतीय संस्कृति अमर रहेगी. उन्होंने कहा कि माता सीता हमारे भारत की समस्त नारियों, बहिनों के स्वाभिमान का प्रतीक हैं.

# कांग्रेस पार्षद दल की बैठक




नवभारत न्यूज

**सागर 22 अप्रैल. जिला शहर कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस के पार्षद दल की बैठक जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव की अध्यक्षता में आयोजित की गई.**

बैठक में सभी पार्षदों ने अपने विचार रखे. जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि शहर में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है हत्या, लूट ,डकैती, बलात्कार, जुआ सट्टा, अबैध शराब का कारोबार चरम पर है जिससे जनता को निजात दिलाने की आवश्यकता है. संभाग आयुक्त को 24 अप्रैल को नगर की समस्याओं की निराकरण को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा. नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव ने नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार और जनता की हो रही परेशानियों पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर पार्षद नीलोफर अंसारी, रोशनी खान, सुलेखा राय, ताहिर खान, शशि जाटव,रिचा सिंह, शिवशंकर यादव, वीरेंद्र राजे, दीनदयाल तिवारी, महेश अहिरवार उपस्थित थे. संचालन कमलेश तिवारी, आभार हेमराज रजक ने माना.

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जेवा फातिमा पुत्री मुहम्मद अख्तर निवासी महरौनी तहसील महरौनी जिला ललितपुर ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली से वर्ष 2024 में कक्षा 12 उत्तीर्ण की है, जिसका रोल नम्बर 19675592 है।मेरी कक्षा 12 की अंक सूची में पिता का नाम MO. AKHTAR के स्थान पर यह नाम MUHAMMD AKHTAR पढ़ा व समझा जावे, एवं मेरी कक्षा 12 की अंक सूची में मेरी मां का नाम PARVEEN AKHTAR के स्थान पर शुद्ध नाम PARVEEN BANO पढ़ा व समझा जावे बयोंकि मेरे अन्य कागजात आधार कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर आईडी में पिता का नाम सही MUHAMMD AKHTAR है एवं मेरी मां का सही नाम PARVEEN BANO अंकित है।उपरोक्त सूचना अंक सूची में उचित संसोधन हेतु सक्षम अधिकारी एवं जन सामान्य को सूचनार्थ हेतु प्रकाशन करने की कृपा करें।

**जेवा फातिमा पुत्री मुहम्मद अख्तर**
**निवासी ललितपुर रोड महरौनी**





